आपकी खबरों का संसार...

# अतुल्य संसार

RNI No.-RJHIN/2015/63826

संस्करणः जयपुर

हिन्दी समाचार पत्र...

web: www.atulyasansar.com

Digital Edition

www.liveworldnews.in

वर्षः 10 | अंकः 345 | जयपुर, गुरुवार 25 जून, 2026 | मूल्यः 2 रुपए | पृष्ठः 4



बूंदी में पर्यटन... पेज 2



स्वजनों की पूण्य... पेज 3

# मानसून एमपी पहुंचा, 9 दिन लेट एंट्री

## 4 दिन में पूरा राज्य कवर करेगा, मुंबई में बारिश से पेड़ उखड़े, कई गाड़ियां दबीं







**भोपाल/जयपुर/लखनऊ/पटना।** मध्य प्रदेश-गुजरात में बुधवार को 9 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई। दोनों राज्यों में मानसून आने की सामान्य तारीख 15 जून रहती है। मौसम विभाग के मुताबिक, मानसून अगले 4 दिन में पूरे मध्य प्रदेश को कवर कर सकता है। इसी के साथ मानसून ने अब देश के 22 राज्यों को कवर कर दिया है। 5 जुलाई तक बाकी राज्यों को कवर कर सकता है। वहीं, मंगलवार को मुंबई में 13 दिन की देरी से मानसून की एंट्री हुई थी। इसके बाद से मुंबई में तेज बारिश जारी है। मंगलवार सुबह 8 बजे से बुधवार सुबह 7 बजे तक मलवणी फायर स्टेशन में 334एमएम और एफ/साउथ वार्ड में 328एमएम बारिश हुई। 27 इलाकों में 200एमएम से 300एमएम के बीच बारिश हुई। मुंबई में अंधेरी सब-वे में पानी भर गया। इसे अस्थाई रूप से बंद किया गया है। विक्रोली वेस्ट में रिहायशी इमारत के पास बनी रिटेनिंग वॉल गिर गई। कई इलाकों में पेड़ उखड़े, जिसकी चपेट में आने से कई वाहनों को नुकसान पहुंचा। इधर, अरुणाचल प्रदेश में पिछले एक हफ्ते से तेज बारिश जारी है। आज सुबह कीयी पन्योर जिले में याजाली सर्किल के नीपको प्रोजेक्ट कॉलोनी में बाढ़ आ गई। घटना में 3 लोग लापता हुए हैं। 18 से ज्याद घरों को नुकसान पहुंचा है। कई निचले इलाकों में पानी भर गया है।

### अगले 2 दिन के मौसम का हाल 25 जूनः

असम, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश में लगातार दूसरे दिन भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मानसून के कारण सिक्किम, कोंकण-गोवा, तेलंगाना और तटीय कर्नाटक में भारी बारिश होगी। आंध्र प्रदेश, मराठवाड़ा, झारखंड, ओडिशा में भी तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट है। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश और विदर्भ में लगातार तीसरे दिन हीटवेव की चेतावनी जारी की गई है।

**26 जूनः** असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल व सिक्किम के कुछ हिस्सों में भारी बारिश होगी। सिक्किम, कोंकण-गोवा, तेलंगाना और तटीय कर्नाटक में ऑरेंज अलर्ट है। आंध्र प्रदेश, झारखंड, ओडिशा में भी तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मध्य प्रदेश-उत्तर प्रदेश और विदर्भ में लगातार चौथे दिन हीटवेव का अलर्ट जारी है।

### देश के 6 राज्यों में प्री-मानसून बारिश जारी


देश के 6 राज्यों उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली में प्री-मानसून बारिश जारी है। मंगलवार को बिहार में बिजली गिरने से 11 लोगों की मौत हुई थी। मौसम विभाग के मुताबिक, दक्षिण पश्चिम मानसून तेलंगाना, ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड और बिहार के कुछ इलाकों में आगे बढ़ गया है। अगले 2-3 दिनों में उत्तर प्रदेश में पहुंच सकता है।

### 7 राज्यों में गर्मी का असर, पारा 40डिग्री पार

मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, बिहार और गुजरात के कई शहरों में बुधवार को पारा 40डिग्री से ज्यादा रहा। देश में सबसे ज्यादा पारा उत्तर प्रदेश के बांदा में 43.3डिग्री दर्ज किया गया। वहीं बिहार के बौधगया में 40.8डिग्री, राजस्थान के बीकानेर, जैसलमेर और बाड़मेर में 40.8डिग्री, झारखंड के डाल्टनगंज में 41.2डिग्री, गुजरात के राजकोट में 40.5डिग्री और एमपी के खजुराहो 40.4डिग्री रहा।

## राममंदिर चोरी-एसआईटी ने चंपत राय समेत 17 को आरोपी माना

### इन पर एफआईआर लगभग तय; टिन्नू के पास मिलीं दानपात्रों की चाबियां





**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने जांच रिपोर्ट में मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा और निर्माण प्रभारी गोपाल राव समेत 17 लोगों को आरोपी माना है। इनके खिलाफ एफआईआर होना लगभग तय माना जा रहा है। सूत्रों से यह जानकारी मिली है। जांच के दौरान एसआईटी टीम को दानपात्रों की चाबियां रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू के पास मिलीं। टीम आज फिर जांच के लिए अयोध्या पहुंच सकती है। एसआईटी ने ऐसे करीब 150 सेवादारों और कर्मचारियों को चिह्नित किया है, जिनकी आर्थिक स्थिति में 22 जनवरी, 2024 को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद बदलाव आया। इनमें चंपत राय के करीबी माने जाने वाले फूलकांत मिश्रा भी शामिल हैं। उनके पास 3 लग्जरी कारें हैं, जिनकी कुल कीमत 25 लाख है।

### एसआईटी की जांच रिपोर्ट पीएमओ भेजी गई

राम मंदिर चढ़ावे की जांच के लिए सरकार ने 13 जून को एसआईटी बनाई थी। इसमें लखनऊ कमिश्नर विजय विश्वास पंत (**IAS**), **IG** लखनऊ रेंज किरण शिवकुमार और यूपी फाइनेंस एंड अकाउंट्स सर्विस के विशेष सचिव (वित्त) नीलरतन कुमार शामिल हैं। **SIT** ने 23 जून (मंगलवार) को अपनी जांच रिपोर्ट एडिशनल चीफ सेक्रेटरी संजय प्रसाद को सौंपी थी। सूत्रों के मुताबिक, इसमें एफआईआर दर्ज करने और ट्रस्ट को दोबारा गठित करने की सिफारिश की गई है। किसी सीनियर अफसर को मंदिर का **CEO** नियुक्त करने का भी सुझाव है।

## विमेंस वर्ल्ड कप में भारत का सेमीफाइनल पहुंचना मुश्किल

### ऑस्ट्रेलिया और बांग्लादेश को हराना पड़ेगा; टूर्नामेंट से 4 टीमें बाहर हो चुकीं





विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में ग्रुप-A का समीकरण पूरी तरह बदल गया है। रविवार को मैनचेस्टर में खेले गए मुकाबले में साउथ अफ्रीका ने भारत को 6 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में उसकी पहली हार दी। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 158/7 रन बनाए थे। आखिरी ओवर में साउथ अफ्रीका ने टारगेट हासिल कर लिया। इस हार के बाद भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल हो गया है। टीम को अब अपने बाकी दोनों मुकाबले बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीतने ही होंगे। दूसरी ओर पाकिस्तान, नीदरलैंड, आयरलैंड और स्कॉटलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो चुके हैं।

### पॉइंट्स टेबल की मौजूदा स्थिति

ऑस्ट्रेलिया ग्रुप-ए की पॉइंट्स टेबल के टॉप पर है। उसके पास सबसे ज्यादा 8 अंक हैं। भारत दूसरे, साउथ अफ्रीका तीसरे और बांग्लादेश चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान और नीदरलैंड टॉप-4 की रेस से बाहर हो चुकी हैं। वहीं, ग्रुप-बी में मेजबान इंग्लैंड 6 अंक के साथ टॉप पर है। वेस्टइंडीज के पास भी 6 अंक हैं, लेकिन नेट रन रेट कम होने की जगह से दूसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड और श्रीलंका 4-4 अंक लेकर तीसरे और चौथे नंबर पर हैं। स्कॉटलैंड और आयरलैंड इस ग्रुप से एलिमिनेट हो चुकी हैं।

## पुणे मर्डर- मंगेतर के साथ सिया की रोमांटिक पोस्ट


### दोनों लोहगढ़ किला गए तो प्रेमी भी पहुंचा; गर्मी में हुडी पहना था, इसी से सुराग मिला

**पुणे।** पुणे में मंगेतर की हत्या करने वाली 20 साल की सिया गोयल ने सोशल मीडिया अकाउंट पर केतन अग्रवाल (26) के साथ कई रोमांटिक पोस्ट किए थे। कभी प्रपोजल की तस्वीरें, कभी फूल देकर प्यार जताने वाले पल, तो कभी डांस और गले मिलने के वीडियो। दोनों की नवंबर में होने वाली शादी की तैयारियां भी सोशल मीडिया पोस्ट का हिस्सा थीं। इस साल फरवरी में सगाई के बाद सिया ने इंस्टाग्राम पर एक केक की तस्वीर शेयर करते हुए लिखा था- मेरे दिल को उसका घर मिले एक महीना पूरा हुआ।

# एअर इंडिया का विमान पाक एयरस्पेस में घुसा, पाकिस्तान ने चेतावनी देकर लौटाया

### दिल्ली से अमृतसर के लिए उड़ा, तकनीकी खराबी से रास्ता भटका

**अमृतसर।** एअर इंडिया की एक फ्लाइट सोमवार रात रास्ता भटककर पाकिस्तान के हवाई क्षेत्र में जा घुसी। इसे पाकिस्तान की एयर ट्रैफिक अथॉरिटी ने चेतावनी देकर वापस भेजा। विमान ने दिल्ली से उडान भरी थी और इसे अमृतसर लैंड होना था। पाकिस्तान के एयर स्पेस से जब फ्लाइट लौटी तब तक अमृतसर एयरपोर्ट पर ट्रैफिक बढ गया था, ऐसे में इसे वापस दिल्ली भेज दिया गया। एयरपोर्ट अधिकारियों ने बताया है कि तकनीकी खराबी के कारण यह फ्लाइट रास्ता भटक गई थी। मामले की जांच की जा रही है। इससे पहले 12 जून को पाकिस्तान की पैसेंजर फ्लाइट फ्लाई जिन्ना-9P514 खराब मौसम के कारण भारतीय एयरस्पेस में घुस आई थी। लाहौर एयरपोर्ट से उडान भरने के कुछ ही समय बाद फ्लाइट रास्ता भटक गई थी। हालांकि, तकनीकी गडबडी का अंदेशा होते ही फ्लाइट को वापस पाकिस्तानी एयरस्पेस में लाया गया।



### 3 मिनट की देरी से उडा था विमान

एयरपोर्ट अथॉरिटी से मिली जानकारी के मुताबिक, एयरबस **AI**-321 विमान ने सोमवार रात 9 बजकर 18 मिनट पर दिल्ली से उड़ान भरी थी। यह विमान अपने तय समय से 3 मिनट देरी से उडा था। उड़ान के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आई। विमान को रात 10 बजकर 30 मिनट पर अमृतसर में लैंड होना था, लेकिन यह रूट से भटक गया और पाकिस्तान के एयर स्पेस में जा घुसा। इस बात का पता पायलट को भी तब लगा, जब पाकिस्तान एयर ट्रैफिक अथॉरिटी से विमान को चेतावनी मिलने लगी।

### अमृतसर वापस आया तब तक रनवे बिजी हो गया

इस घटना के तुरंत बाद पायलट ने विमान का रास्ता बदला और यू-टर्न लेकर वापस भारत के एयरस्पेस में आया। हालांकि, तब तक काफी देर हो चुकी थी। समय निकल जाने के बाद विमान अमृतसर की सीमा में पहुंचा, लेकिन ट्रैफिक बढ़ने से विमान को उतरने की परमिशन नहीं मिली। एयरपोर्ट कंट्रोल रूम से विमान को वापस दिल्ली जाने के निर्देश मिले। इसके बाद विमान वापस दिल्ली गया, जहां उसकी सुरक्षित लैंडिंग करवाई गई। करीब 2 घंटे बाद दोबारा अनुमति मिलने पर विमान ने अमृतसर के लिए फिर से उड़ान भरी और सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात करीब 4 घंटे की देरी से 2 बजकर 20 मिनट पर अमृतसर एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतर गया।

## दिल्ली में बच्ची से रेप-हत्या, आरोपी को गोली मारी

### पुलिस का दावा- भागने की कोशिश कर रहा था, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** दिल्ली में 11 साल की बच्ची से रेप और उसकी हत्या का आरोपी मंगलवार रात पुलिस एनकाउंटर में घायल हो गया। पुलिस का दावा है कि उसे क्राइम सीन रीक्रिएट करने के लिए ले जाया जा रहा था, तभी उसने भागने की कोशिश की। रोकने के लिए उसे पैर में गोली मार दी गई। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित बच्ची गुब्बारा बेचती थी। सोमवार सुबह फुटपाथ पर सो रही थी। आरोप है कि टैक्सी ड्राइवर बबलू ने उसे अगवा किया। उसका रेप किया और हत्या कर लाश महरौली के जंगल में फेंक दी। सोमवार सुबह करीब 6 बजे परिवार ने PCR कॉल के जरिए महरौली थाने में बच्ची की गुमशुदगी दर्ज कराई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की मदद से चार घंटे में ही बबलू को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर बच्ची का शव बरामद कर लिया। पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई शुरू कर दी गई है। आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है।

# कोलकाता में निर्माणाधीन गोदाम ढहा, 3 की मौत

## 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका, 18 का रेस्क्यू, सेना भी बचाव में जुटी

**कोलकाता।** दक्षिण कोलकाता के तारातला ट्रांसपोर्ट डिपो के पास बुधवार दोपहर 12:07 बजे निर्माणाधीन गोदाम का शेड अचानक गिर गया। घटना में अब तक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। पहले 5 लोगों की जान जाने की खबर आई थी। मलबे में दबे 18 लोगों को रेस्क्यू कर बाहर निकाला जा चुका है। सभी घायलों को इलाज के लिए एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर में भर्ती कराया गया है। अभी भी 40 से ज्यादा लोगों के दबे होने की आशंका है। स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसे के वक्त गोदाम में कंक्रीट ढलाई का काम चल रहा था। पुलिस के मुताबिक, रेस्क्यू में कोलकाता पुलिस, डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप, सिविल डिफेंस, फायर एंड इमरजेंसी सर्विसेज और सेना भी जुटी है। मलबे और लोहे की रॉड को हटाने के लिए क्रेन मंगाई गई है। गैस कटर से लोहे की छड़ों को काटा जा रहा है। मलबे में दबे मजदूरों-कर्मचारियों की चीखें भी सुनाई दे रही हैं, उनके जल्द से जल्द रेस्क्यू के प्रयास जारी हैं।

### मलबे में फंसे मजदूर बोला- मेरा पैर काट लो लेकिन मुझे बचा लो

हादसे के बाद बचाव कार्य के दौरान एक युवक अंकित सिंह ने मलबे में फंसे एक मजदूर को ढूंढने में अहम भूमिका निभाई। उसने घायल मजदूर का पैर पकड़कर बचाव दल को उसकी सही जगह तक पहुंचने में मदद की, जिसके बाद रेस्क्यू टीम ने उसे बाहर निकालने का प्रयास तेज कर दिया। मलबे में फंसा मजदूर दर्द से कराहते हुए बार-बार कह रहा था- मैंने अपना पैर खो दिया है, अगर जरूरत हो तो बाकी हिस्सा काटकर मुझे बाहर निकालो, बस मेरी जान बचा लो।





### पिछले 10 सालों में निर्माण कार्य के दौरान हुए बड़े हादसे-

**मार्च 2024, कोलकाताः** गार्डन रीच इलाके में पांच मंजिला निर्माणाधीन इमारत गिरने से 12 लोगों की मौत हुई थी। जांच में बिना मंजूरी निर्माण और नियमों के उल्लंघन की बात सामने आई थी। **जुलाई 2023, ठाणे (महाराष्ट्र):** निर्माणाधीन इमारत का स्लैब गिरने से 7 मजदूरों की मौत और कई घायल हुए थे। **जून 2023, मुंबईः** बांद्रा में निर्माणाधीन इमारत का हिस्सा गिरने से कई मजदूर घायल हुए थे। **सितंबर 2022, अहमदाबादः** निर्माणाधीन इमारत का एक हिस्सा ढहने से मजदूर मलबे में दब गए थे। **2016, कोलकाता का विवेकानंद फ्लाईओवरः** निर्माणाधीन फ्लाईओवर गिरने से 27 लोगों की मौत हुई थी। यह पश्चिम बंगाल के सबसे बड़े निर्माण हादसों में गिना जाता है।

### सरकार ने हेल्पलाइन नंबर जारी किए

मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ मंत्री अग्निमित्रा पॉल और कौशिक चौधरी समेत कई मंत्री भी मौजूद रहे। राज्य सरकार ने लोगों की मदद के लिए हेल्पलाइन नंबर 1070, 8697981070 और 033-22143526/22535185 जारी किए हैं। जानकारी के मुताबिक गोदाम की जमीन ओडिशा के व्यवसायी की थी जिन्होंने किसी प्रायवेट फर्म को इसे लीज पर दिया था।

## पुलिस अधीक्षक शरण के, द्वारा साईबर ठगों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत 6 साईबर ठगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 6 एंड्रॉइड मोबाइल फोन मय 9 सिम कार्ड को जप्त किया




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** पुलिस अधीक्षक डीग श्री शरण गोपीनाथ के. द्वारा जिले में साइबर ठगों के विरूद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान, ''ऑपरेशन एण्टीवायरस'' के तहत डीग पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए ।06 साईबर ठगों को गिरफतार कर कब्जे से कुल 06 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन मय 09 सिम कार्ड को जब्त किया गया है ।पुलिस थाना जुरहरा द्वारा रात्रि के समय सायबर ठगी करते हुये 06 मुल्जिमान गिरफ्तार, कब्जे से कुल 06 एण्ड्रोइड मोबाइल फोन मय 09 सिम कार्ड जब्त, साईबर ठगों द्वारा समूह बनाकर फर्जी मोबाइल फोन व सिम कार्ड प्राप्त कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर छदम नाम–पते की फर्जी आई.डी बनाकर अन्जान लोगों से सम्पर्क कर अच्छी सिलाई मशीन व मोबाइल फोन सस्ती रेट में बेचने के नाम पर उनसे एडवांस में फर्जी खातों में रूपये डलवाकर सायबर ठगी करना, गिरफ्तार सायबर ठग, मजफूज पुत्र उम्मर जाति मेव उम्र 24 साल निवासी गांव गावंडी थाना जुरहरा जिला डीग, मौसम पुत्र उम्मर जाति मेव उम्र 21 साल निवासी गांव गावंडी थाना जुरहरा जिला डीग, सकील पुत्र उम्मर जाति मेव उम्र 20 साल निवासी गांव गावंडी थाना जुरहरा जिला डीग, सहरून पुत्र दीनू जाति मेंव उम्र 35 साल निवासी गांव गांवडी थाना जुरहरा जिला डीग, निसार पुत्र फज्जर जाति मेव उम्र 27 साल निवासी गांव गांवडी थाना जुरहरा जिला डीग, अकरम पुत्र अस्सा जाति मेव उम्र 21 साल निवासी कस्बा जुरहरा थाना जुरहरा जिला डीग को गिरफ्तार किया।

## गायत्री मंदिर पर गायत्री जयंती महोत्सव मनाया




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**दीपचंद शर्मा डीग।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में 24 जून को गायत्री मंदिर पर गायत्री जयंती के उपलक्ष में गायत्री यज्ञ श्री बृजभूषण शर्मा और कुमारी नीतू गुप्ता के द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि गायत्री वह देवी शक्ति है जिस संबंध स्थापित करके मनुष्य अपने जीवन विकास के मार्ग में बड़ी सहायता प्राप्त कर सकता है। गायत्री ही कामधेनु है।गायत्री को वेद माता भी कहते हैं।गायत्री वेदों की जननी है पापों का नाश करने वाली है इससे अधिक पवित्र करने वाला अन्य कोई मंत्र स्वर्ग और पृथ्वी पर नहीं है। इस अवसर पर सभी ने गायत्री मंत्र बोलकर पूर्ण आहुति दी। अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य ने अंतिम समय में गायत्री मंत्र का जाप करते हुए गायत्री जयंती के दिन ही महाप्रयाण किया। यज्ञ के दौरान कुमारी नीतू गुप्ता का जन्मदिन भी मनाया गया। इस अवसर पर अपना घर डीग के संस्थापक चंद्रभान शर्मा, युवा शक्ति के संयोजक दीपक खंडेलवाल, अनिल शर्मा, सुनील खंडेलवाल, शिवकुमार खंडेलवाल, कुंदन शर्मा प्रेम प्रकाश शर्मा, गोविंद , सुकमा, शशि खंडेलवाल, सरला, बिना मुद्गल, सुषमा, विमलेश, उर्मिला वैष्णव आदि गायत्री परिजन उपस्थित थे ।भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के जिला प्रभारी बृजेंद्र कुमार शर्मा ने प्रज्ञा अभियान का प्रचार प्रसार करने के लिए प्रज्ञा अभियान पत्रिका वितरित की। तहसील संयोजक मुकेश सिंह राजपूत ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## सीवर की समस्या पर आप पार्टी ने किया प्रदर्शन, क्षेत्र में चलाया हस्ताक्षर अभियान



● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर।** हवामहल विधानसभा के वार्ड 21 में सीवर की समस्या पर मोहसिन कुरैशी के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।आप पार्टी के विनीत शर्मा व फिरोज कुरैशी ने बताया कि क्षेत्र मे दर्वेश नगर, अर्जुन कॉलोनी, गोविंद नगर समेत अनेक कालोनियां है, वहां पर पिछले 3 साल से आए दिन सीवर का पानी गलियों मे रहता है।इसके स्थाई समाधान को लेकर क्षेत्र में प्रदर्शन किया गया व हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। आप के अंसार खान व स्थानीय निवासी मो आरिफ ने बताया कि समस्या का मूल कारण सीवर लाइन का पास के नाले के गलत दिशा में जुडा होना है व लगभग 10 मीटर लाइन में बदलाव कर उसकी दिशा सही करने से क्षेत्र में आए दिन सीवर पानी की समस्या का समाधान हो सकता है। प्रदर्शन हस्ताक्षर के अभियान के दौरान मोहसिन कुरेशी, विनीत शर्मा, फिरोज कुरेशी, अंसार खान, मो आरिफ, मो आसिफ, सीताराम, रेखा देवी, सिराजुद्दीन, जिब्राइल खान, शरीफ आदि मौजूद थे।

## ग्रेजुएशन कोर्स की पहली कटऑफ 29 जून को होगी जारी

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय और उसके संघटक कॉलेजों में ग्रेजुएशन कोर्स में एडमिशन के लिए आवेदन प्रक्रिया अंतिम चरण में पहुंच गई है। आवेदन की अंतिम तिथि बुधवार को रही। ऐसे में अंतिम दिन बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के आवेदन करने की संभावना है। विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार अब तक 22 हजार से ज्यादा आवेदन मिल चुके हैं।

# झड़ाया मैं 108 कुंडीय श्री राम महायज्ञ की पूर्ण आहुति आजः पूर्णाहुति से पूर्व उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

## 41 लाख आहुतियों के साथ अंतिम चरण में पहुंचा श्रीराम महायज्ञ

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी/सुमेर सिंह राव।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया बजरंग धाम आश्रम पर पूज्य श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सीताराम दास महाराज के पावन सानिध्य में झड़ाया धाम में आयोजित 108 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ अब अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। महायज्ञ के आठवें दिन श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति, आस्था एवं उत्साह का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। यज्ञ समिति ने जानकारी दी कि महायज्ञ की पूर्णाहुति आज 25 जून को होगी। इस अवसर पर विशाल धार्मिक अनुष्ठान, पूर्णाहुति कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। आयोजन समिति द्वारा सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यज्ञाचार्य पंडित डॉ. श्रीकृष्ण शर्मा ने बताया कि महायज्ञ में अब तक 41 लाख से अधिक आहुतियां अर्पित की जा चुकी हैं। उन्होंने कहा कि विश्व शांति, मानव कल्याण एवं पर्यावरण शुद्धि के उद्देश्य से आयोजित यह




महायज्ञ क्षेत्र में आध्यात्मिक जागरण का केंद्र बन गया है।दोपहर में आयोजित रामकथा में कथा व्यास रणवीर भाई ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, धर्मनिष्ठा एवं लोककल्याणकारी चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा अब अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी है और श्रद्धालु प्रतिदिन बड़ी संख्या में कथा श्रवण कर रहे हैं। कथा के दौरान प्रस्तुत की जा रही भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़ी मनमोहक एवं आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। झांकियों के माध्यम से रामायण के विभिन्न प्रसंगों का जीवंत चित्रण किया जा रहा है। महायज्ञ के साथ संचालित पर्यावरण संरक्षण अभियान के अंतर्गत श्रद्धालुओं को निरंतर पौधों का वितरण कर वृक्षारोपण एवं पौध संरक्षण का संदेश दिया जा रहा है। श्रद्धालु भी इस अभियान में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभा रहे हैं। यज्ञ परिसर में संचालित विशाल अन्नक्षेत्र में प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। वहीं महायज्ञ के साथ लगे विशाल मेले एवं आकर्षक झूलों का भी श्रद्धालु, युवा एवं बच्चे भरपूर आनंद ले रहे हैं, जिससे पूरा क्षेत्र धार्मिक मेले के स्वरूप में परिवर्तित हो गया है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शुभकरण चौधरी, यज्ञ समिति अध्यक्ष मदनलाल भावरिया, यज्ञ समिति संयोजक जगदीश जाखड़, संपत बेनीवाल, पर्यावरणविद् जुगल किशोर शर्मा, डॉ. रामावतार गजराज, डॉ. हीरा शंकर, डॉ. रामकुमार, मुक्ति लाल सैनी, शिवराम तेतरवाल, महादेव जांगिड़, चौथमल जांगिड़, कविता सामोता, सुभाष लांबा, मोहनलाल सैनी एवं सत्यनारायण अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यज्ञ समिति अध्यक्ष मदनलाल भावरिया ने बताया कि महायज्ञ को श्रद्धालुओं का अभूतपूर्व समर्थन मिला है और यह आयोजन धर्म, संस्कृति, पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक समरसता का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा है।वहीं संयोजक जगदीश जाखड़ ने सभी श्रद्धालुओं से पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे में अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आह्वान किया।

# बूंदी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा -जिला कलक्टर

## 785वें स्थापना दिवस पर ईश्वरी निवास में हुआ विचार गोष्ठी का आयोजन

**बूंदी।** बूंदी के 785वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृखंला में बुधवार को ईश्वरी निवास में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। श्री रंगनाथ सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित इस गोष्ठी में बूंदी में व्यापक पर्यटन विकास, पर्यटकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मुहैया करवाने तथा शहर को एक नया और आकर्षक स्वरूप प्रदान करने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव, जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा और पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए जिला कलक्टर हरफूल सिंह यादव ने कहा बूंदी में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं मौजूद हैं। प्रकृति ने इस शहर को अनुपम सुंदरता से नवाजा है, अब जरूरत सिर्फ इसके सुव्यवस्थित रखरखाव की है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में स्वीकृत विकास कार्यों को कार्ययोजना के अनुसार धरातल पर उतारा जाएगा। स्थापत्य कला के संरक्षण में बूंदीवासियों के सहयोग को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि दधिमति मंदिर से मीरांगेट तक के मार्ग को पर्यटकों के लिए सुविधाजनक बनाने पर कार्य किया जाएगा।जिला कलक्टर ने आमजन से बूंदी को साफ, स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए



सुझाव देने तथा पर्यटन के व्यापक प्रचार–प्रसार में जुटने का आह्वान किया।पूर्व राजपरिवार के सदस्य वंशवर्धन सिंह ने संबोधित करते हुए ऐतिहासिक और पुरामहत्व की धरोहरों के संरक्षण पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि बूंदी की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक इमारतों को सहेजना हम सभी की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विरासत में मिली अनमोल धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूक रहें और बूंदी को पर्यटन विकास के पथ पर निरंतर नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए अपना सहयोग दें। जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा ने शहर के समग्र विकास पर जोर देते हुए कहा कि देश–विदेश से आने वाले पर्यटकों को बूंदी के पर्यटन स्थलों की व्यापक जानकारी और सुरक्षा मिलनी चाहिए, ताकि उनका शहर में ठहराव अधिक दिनों का हो सके।उन्होंने बूंदी और पर्यटन के विकास में पुलिस प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का विश्वास दिलाया।नवनियुक्त अतिरिक्त जिला कलक्टर एचडी सिंह ने बूंदी की ऐतिहासिक बावडियों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने के लिए एक ठोस मैकेनिज्म तैयार करने की बात कही। उन्होंने सुझाव दिया कि आगामी नवंबर माह में आयोजित होने वाले बूंदी महोत्सव को इस बार एक नया और भव्य स्वरूप दिया जाए, जिससे स्थानीय जनता के साथ–साथ देशी–विदेशी पर्यटकों की भागीदारी को और बढ़ाया जा सके।

संगोष्ठी को डीएफओ आलोकनाथ गुप्ता, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय सिंह चम्पावत और सामाजिक कार्यकर्ता भंवर सिंह ने भी सम्बोधित किया।इस अवसर पर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवि वर्मा, रेडक्रास सचियव अशोक विजय, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश पारीक, पर्यावरणविद् विठ्ठल सनाढ्य, रंगनाथ सेवा समिति अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता पुरूषोत्तम पारीक, गोविंद सिंह, संजय खान आदि मौजूद रहे। संगोष्ठी के समापन पर पशु क्रूरता निवारण समिति के उपाध्यक्ष बलभद्र सिंह ने सभी अतिथियों और प्रबुद्धजनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन आयोजित, संगठन विस्तार पर हुई विस्तृत चर्चा

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**बूंदी/लाखेरी।** आम आदमी पार्टी द्वारा बूंदी विधानसभा एवं केशोरायपाटन विधानसभा क्षेत्र के गांव घाट का बराना तथा लाखेरी में कार्यकर्ता संवाद सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा आगामी रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोटा संभाग के सह प्रभारी अशोक भारद्वाज, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवीन पालीवाल, जिला अध्यक्ष डॉ. किशन लाल मीणा एवं राजेंद्र मीणा (देहीखेड़ा) ने कहा कि आम आदमी पार्टी जनहित के मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष कर रही है तथा गांव–गांव




तक संगठन को मजबूत बनाने का कार्य किया जा रहा है। वक्ताओं ने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच जाकर पार्टी की नीतियों एवं जनकल्याणकारी विचारों को पहुंचाने का आह्वान किया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं वरिष्ठ नेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में सुदीप सक्सेना, दिनेश गोस्वामी, बृजपाल बाथम, हेमराज मीणा, राजेंद्र मीणा, महावीर मीणा, रफीक मोहम्मद, कालू मोहम्मद, रमेश चंद जैन, अब्दुल गफूर सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक पार्टी की मजबूती तथा क्षेत्रीय जनसमस्याओं को लेकर आगामी कार्ययोजना पर भी विचार–विमर्श किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

## कृषक वैज्ञानिक संवाद में उन्नत कृषि तकनीकों और मृदा संरक्षण पर जोर

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**झालावाड़।** कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ द्वारा आत्मा योजना के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय खरीफ पूर्व कृषक–वैज्ञानिक संवाद एवं खेत बचाओ अभियान का समापन मंगलवार को हुआ। कार्यक्रम में जिले के 25 अनुसूचित जाति वर्ग के किसान एवं कृषक महिलाओं ने भाग लिया।गोष्ठी में किसानों को खरीफ फसलों की उन्नत उत्पादन तकनीकों, बीज चयन, उर्वरक प्रबंधन तथा वैज्ञानिक खेती की नवीन पद्धतियों की जानकारी दी गई। साथ ही डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित वैज्ञानिक पहलुओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर देते हुए किसानों को मृदा नमूना संग्रहण, मृदा परीक्षण तथा परीक्षण आधारित उर्वरक उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। हरी खाद के उपयोग, ग्रीष्मकालीन गहरी जुताई के लाभ तथा कीट एवं रोग नियंत्रण के उपायों से भी अवगत कराया गया। किसानों की कृषि एवं




पशुपालन संबंधी समस्याओं पर विशेषज्ञों ने समाधान प्रस्तुत किए। समापन सत्र में खेत पर व्यावहारिक प्रदर्शन के माध्यम से मृदा नमूना लेने की विधि तथा गोबर खाद एवं हरी खाद के उपयोग की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में किसानों ने कृषि संबंधी विषयों पर प्रश्न पूछकर अपने अनुभव भी साझा किए।

## डॉ सैनी बने आयुर्वेद के कार्यवाहक उपनिदेशक

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**उदयपुरवाटी / चिराना/सुमेर सिंह राव।** कस्बे के ढाकला में जन्मे जाए



और जोधपुर को अपनी कर्मभूमि बनाकर करीब 28 वर्षों तक एक ही जगह सेवा देने के बाद अब एक सरकारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ भींवा राम सैनी राजकीय आयुर्वेद औषधालय शेरगढ़ को उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जोधपुर के पद पर अतिरिक्त कार्य भार दिया गया है और अग्रिम आदेशों तक इस पद पर बने रहेंगे। इस पद की जिम्मेदारी लेते हुए डॉ सैनी बुधवार को अपना पद ग्रहण किया। उपनिदेशक का पद भार संभालने पर उनके शुभ चिंतको ने उन्हें बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। इस दौरान डॉ मनोहर सिंह राठौड़, डॉ अंजू नागर, डॉ राजकुमार,डॉ विक्रम गोपा, डॉ केशव देव,डॉ प्रेम सुख, डॉ.अशोक मित्तल,अब्दुल सलाम चिश्ती,मदन सिंह राजपुरोहित सहित खांडा फलसा का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

## निर्जला एकादशी और मोहर्रम पर जयपुर में ट्रैफिक अलर्ट

### कई रास्ते रहेंगे बंद, पार्किंग पर भी रोक; अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल की नजर

**जयपुर।** निर्जला एकादशी और मोहर्रम पर्व को लेकर राजधानी जयपुर में सुरक्षा और ट्रैफिक व्यवस्था के इंतजाम किए गए हैं। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर शहर में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। मोहर्रम के ताजिया जुलूस और गोविंददेवजी मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए कई रास्तों पर ट्रैफिक प्रतिबंध और पार्किंग निषेध लागू किया गया है। निर्जला एकादशी के अवसर पर 25 जून को गोविंददेवजी मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर सादुल सिंह की नाल, जलेब चौक, आतिश मार्केट गेट और सब्जी मंडी की ओर से मंदिर क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

## फागी और मौजमाबाद के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण, लिए नमूने




● अतुल्य संसार नेटवर्क

**जयपुर द्वितीय।** राज्य सरकार के शुद्ध आहार, मिलावट पर वार अभियान के अंतर्गत श्रीमान एडीएम दूदू द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय को लिखे पत्र की अनुपालना मे मिलावटी खाद्य पदार्थों की शंका पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों का दल बुधवार को फागी और मौजमाबाद में पहुंचा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि दोनों स्थानों पर दो दर्जन खाद्य व्यापारियों , जिनमें मिठाई निर्माता, किराणा, ठेले खोमचे, जूस सेंटर, डेयरीज आदि शामिल हैं, के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण करके सुधार के निर्देश दिए तथा एफ एस एस ए कानून के तहत खाद्य सामग्रियों के नमूने लेकर जांच हेतु भेजे गए हैं। टीम को देखकर कई व्यापारी अपनी दुकान बंद कर चले गए, जिन्हें चिन्हित कर भविष्य में कार्यवाही की जाएगी। डॉ. मनीष मित्तल ने बताया कि इस दौरान विभिन्न फर्मों से मावा, खाद्य तेल और मसालों के नमूने लिये गए , जिन्हें जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। फूड लैब से विपरीत रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात संबंधित फर्म्स पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अनुसार सख्त अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता और नंदकिशोर कुमावत शामिल रहे।

## सोजत उपखंड अधिकारी रविप्रकाश की अध्यक्षता में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित




**सोजत/मीठालाल पंवार।** आगामी मोहर्रम एवं अन्य त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से उपखंड अधिकारी सोजत की अध्यक्षता में पुलिस थाना चंडावल नगर एवं बगडी नगर में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में धार्मिक प्रतिनिधियों, अतिरिक्त विकास अधिकारी सोजत, संबंधित थानाधिकारियों, सहायक अभियंताओं सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। उपखंड अधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से त्योहारों के दौरान आपसी भाईचारा बनाए रखने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की। बैठक के दौरान मोहर्रम के अवसर पर निकलने वाले ताजियों के मार्ग, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए ताकि श्रद्धालुओं एवं आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बैठक के पश्चात उपखंड अधिकारी एवं संबंधित अधिकारियों ने मोहर्रम के ताजिए निकाले जाने वाले निर्धारित मार्ग का निरीक्षण भी किया तथा आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। अधिकारियों ने सभी समुदायों से त्योहारों को आपसी सौहार्द, शांति एवं भाईचारे के साथ मनाने की अपील की।

# नगरपरिषद शाहपुरा में अलग-अलग स्थानों पर दिव्यांग पीड़ित के कानूनी अधिकार पर जागरूक शिविर आयोजित

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला जयपुर अध्यक्ष माधवी दिनकर एवं तालुका विधिक सेवा समिति शाहपुरा अध्यक्ष ललिता शर्मा अपर जिला एवं सत्र सैशन न्यायाधीश प्रथम के निर्देशन में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने नगरपरिषद शाहपुरा में अलग-अलग स्थानों पर दिव्यांग पीड़ित के कानूनी अधिकार पर जागरूक किया।इस शिविर की अध्यक्षता मनरेगा प्रभारी पंकज शर्मा द्वारा की गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि दिव्यांग पीड़ित व्यक्तियों को सरकारी विभागों में उनके कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाता है। दिव्यांग पीड़ित के आरक्षण के आधार पर उनकी योग्यताओं के आधार पर सरकारी सर्विसेज में भी विशेष छूट दी गई है। अगर किसी दिव्यांश पीड़ित के साथ असामाजिक तत्वों द्वारा प्रताड़ित किया गया हो, या उसके साथ मारा-पीटा गया हो तो पुलिस थाना में भी ऐसे मामलों पर तत्वरित कार्यवाही की जाती है। जमीन खरीदने पर भी




स्टाम्प ड्यूटी में छूट का प्रावधान है। सरकारी रोड़वेज बस में भी उनका स्मार्ट कार्ड बनाया जाता है। दिव्यांग पीड़ित व्यक्तियों के आश्रितों को छात्रवृत्ति योजना में भी लाभ मिलता है अगर आपके रिस्तेदारो में कोई भी 70 वर्ष से ज्यादा उम्र के व्यक्ति जिनसे चलने में कठिनाइयां आ रही है। उन्हें निशुल्क फोल्डिंग व्हिलचेयर उपलब्ध कराई जा सकती है। अगर उनके पास 40%+ का दिव्यांग पीड़ित सर्टिफिकेट नहीं है तो भी उनकी मानवीयता के तौर पर सहयोग कराया जा सकता है। इसी क्रम में अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि नालसा जाग्रति योजना 2025 के अंतर्गत जमीनी स्तर पर ग्रामीण सूचना एवं पारदर्शिता की पहल के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके मौलिक अधिकारों की जानकारी का प्रचार-प्रसार करना एवं उनके अनपढ़ होने की अज्ञानता के कारण गरीब परिवार के अंतिम व्यक्तियों तक उनके अधिकारों से वंचित नहीं होना पड़े। सुप्रीम कोर्ट द्वारा न्याय सभी को पारदर्शिता के साथ मिले। SC/ST के गरीबी रेखा में आने वाले की नि:शुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। मूक बधिर, नाबालिग लड़का-लड़की, वृद्धावस्था के पुरूष महिलाओं, अनपढ़ ग्रामीण क्षेत्रों के बिमारियों से पीड़ित की चिकित्सा विभाग में उनके प्रधानमंत्री आरोग्य कार्ड को अपडेट करवा कर उनके फार्म को भरवाना। नुक्कड़ नाटक के जरिये गांव-गांव जाकर गर्भावस्था में बेटे-बेटियों की जॉच करवाना, भ्रूण हत्या कानूनी अपराध है। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ विधिक जागरूकता का प्रचार-प्रसार के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नियुक्त पैरा लीगल वॉलिन्टियर द्वारा स्कूलों में, कॉलेजो, पंचायत स्तर पर नुक्कड़ नाटक मंचन द्वारा नालसा जाग्रति योजनाओं को पहुंचाया जाता है। अधिकार मित्र दिनेश कुमार शर्मा द्वारा नालसा जाग्रति योजनाओं को 90 लाभार्थियों को अलग स्थानों पर अवगत कराया।

# स्वजनों की पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन व मानव जीव सेवा करना पुण्य का काम - श्री रामरिछपाल दास महाराज जी

## स्व. रावधीर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि पर संत आशीर्वचन, भजन कीर्तन, श्रद्धा सुमन अर्पण के साथ चिकित्सा शिविर आयोजित, चिकित्सा शिविर में 223 रोगियों की जांच उपरांत दवा वितरित

● अतुल्य संसार नेटवर्क

**विजयपाल सैनी शाहपुरा।** स्व. रावधीर सिंह स्मृति सेवा मंडल शाहपुरा के तत्वाधान में संरक्षक जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह की उपस्थिति में उनके पिताश्री व पूर्व शिक्षा मंत्री स्व. रावधीर सिंह की 52वीं पुण्यतिथि कार्यक्रम हनुमंत निवास बाग शाहपुरा में आयोजित हुआ। भाजपा जयपुर जिला देहात उत्तर मीडिया प्रभारी सुभाष जोशी ने बताया कि सर्वप्रथम श्री रामरिछपाल दास जी महाराज त्रिवेणी धाम के आशीर्वचनों के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें महाराज श्री ने कहा कि आज के युग में अपने स्वजनो के जन्मदिन को तो सभी लोग मानते हैं परंतु उनकी पुण्यतिथि पर भजन कीर्तन एवं मानव जीव सेवा करना बड़ा ही पुण्य का काम है जो राव राजेंद्र सिंह जी अपने परिवार सहित लगातार करते आ रहे है। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करना चाहिए जिससे अपने स्वजनों की आत्मा को शांति तो मिलेगी ही साथ में नई पीढ़ी को अच्छे संस्कार प्राप्त होंगे। इस दौरान कल्याण सिंह गुर्जर, काशी प्रसाद शर्मा, रामदयाल मेहरा, मोहन लाल शर्मा सहित भजन कीर्तन मंडली द्वारा एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत



किए गए। इस दौरान सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्व. रावधीर सिंह जी की फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनको नमन किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद योगी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय उप जिला चिकित्सालय शाहपुरा के चिकित्सकों द्वारा 93 मरीजों व राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विश्वविद्यालय जयपुर के चिकित्सक टीम द्वारा 95 मरीजों तथा शंकर हॉस्पिटल एंड फिजियोथैरिपी सेंटर शाहपुरा द्वारा 27 मरीजों की जांच करते हुए दवा वितरित कर उपचार किया गया। इस दौरान दिव्यांगों की सहायता हेतु उपकरण के लिए विशेष तकनीकी टीम द्वारा 8 व्यक्तियों का चयन किया गया। चिकित्सा शिविर के तहत कुल 223 मरीजों की जांच करते हुए दवा वितरित कर उपचार किया गया। इस दौरान जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेंद्र सिंह ने जनसुनवाई करते हुए लोगों की समस्याओं को बड़े धैर्य पूर्वक सुनते हुए तत्काल प्रभाव से संबंधित विभागीय अधिकारी को समाधान करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर महारानी भुवनेश्वरी देवी, दिलीप सिंह बन्ना, भाजपा युवा मोर्चा पूर्व प्रदेश मंत्री एवं सांसद प्रतिनिधि राजकुमार देवायुष सिंह, भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश प्रवक्ता मंजू सैनी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार रणधीर सिंह, पूर्व नगरपालिका उपाध्यक्ष व ग्राम पंचायत खोरी जीएसएस अध्यक्ष रवीश खटाणा, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी सुनील गुप्ता, बीएसएनल सलाहकार संतोष माधाणी, नगर परिषद शाहपुरा पूर्व सभापति बंशीधर सैनी, भाजपा शाहपुरा शहर मंडल अध्यक्ष मालीराम सैनी, मनोहरपुर मंडल अध्यक्ष रामचंद्र यादव, खेजरोली मंडल अध्यक्ष मामराज पुरी गोस्वामी, कोषाध्यक्ष श्याम सुंदर राज जोशी, ओबीसी मोर्चा जिला प्रवक्ता ओमप्रकाश भडाणा, महामंत्री राजेश पलसानियां, उपाध्यक्ष राकेश दाधीच, पूर्व पार्षद कानाराम योगी, पूर्व पार्षद पुनीत भगेरिया, हीरा लाल गुर्जर, रामनारायण गुर्जर, विजय बंसल, विश्वनाथ वर्मा, भगवान सिंह शेखावत, राधेश्याम सैनी, सुरेश सैनी, गोवर्धन मेहरा, बाबूलाल चुड़ला, वैध शंकर लाल शर्मा, सुभाष मित्तल, मंडल संयोजक जगदीश कुमावत, महामंत्री मुकेश माटोलिया, मदन लाल सैनी, पूर्व पार्षद रोशन बागड़ी, मोहन लाल गुर्जर सहित सैकड़ो जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# वैवाहिक वर्षगांठ पर विधायक कालीचरण सराफ ने निभाई सेवा, संस्कार और जनसंपर्क की परंपरा





**जयपुर।** मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक Kalicharan Saraf ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को सादगी, श्रद्धा और सेवा भाव के साथ मनाकर समाज के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेते हुए मंदिरों में दर्शन-पूजन किया तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना की।

वर्षगांठ के अवसर पर विधायक सराफ गौशाला भी पहुंचे, जहां उन्होंने गायों को हरा चारा एवं गुड़ खिलाकर गौसेवा की। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौमाता का विशेष स्थान है और



गौसेवा मानवता एवं करुणा का प्रतीक है। गौशाला प्रबंधन ने भी उनका स्वागत करते हुए इस सेवा कार्य की सराहना की।

इसके बाद विधायक सराफ ने अपने निवास एवं कार्यालय पर पहुंचे कार्यकर्ताओं, समर्थकों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा क्षेत्रवासियों से आत्मीय मुलाकात की। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनाएं दीं। विधायक ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनता का स्नेह, विश्वास और कार्यकर्ताओं का समर्पण ही उनकी राजनीतिक यात्रा की सबसे बड़ी पूंजी है।

पूरे दिन शुभकामनाएं देने वालों का तांता लगा रहा। विभिन्न सामाजिक, धार्मिक एवं व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों ने भी विधायक सराफ को बधाई देते हुए उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घ जीवन की कामना की।

धार्मिक आस्था, गौसेवा और जनसंपर्क के माध्यम से विधायक कालीचरण सराफ ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को समाजसेवा और जनकल्याण के संदेश के साथ मनाया, जिसकी क्षेत्रभर में सराहना की जा रही है।

# शहरी सेवा शिविर का एसडीएम ने किया निरीक्षण, लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

**सोजत सिटी/मीठालाल पंवार।** उपखंड अधिकारी रवि प्रकाश ने मंगलवार को नगर पालिका सोजत सिटी में आयोजित शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में मौजूद कार्मिकों को शिविर के सफल संचालन एवं आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी ने शिविर में पहुंचे लाभार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। इसके बाद नगर पालिका कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न योजनाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राघव मीणा सहित




पालिका के कर्मचारी मौजूद रहे। उपखंड अधिकारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ समयबद्ध तरीके से पूरा करने के निर्देश दिए।

# राजस्थान में ट्रांसफर के लिए उमड़े शिक्षक-कर्मचारी

**जयपुर।** राजस्थान में ट्रांसफर से बैन हटने के बाद शिक्षा विभाग को बड़ी संख्या में आवेदन मिल रहे हैं। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने बताया- विभाग के पास फर्स्ट ग्रेड, सेकेंड ग्रेड शिक्षकों के साथ-साथ नॉन-टीचिंग स्टाफ के भी तबादला आवेदन लगातार पहुंच रहे हैं। हालांकि ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादले फिलहाल नहीं हो रहे हैं। इसके बावजूद बड़ी संख्या में शिक्षक अपनी मांगों को लेकर आवेदन दे रहे हैं। शिक्षा मंत्री ने कहा- कई शिक्षक अपने घर के पास स्कूल में पदस्थापन की मांग कर रहे हैं, ताकि उन्हें आने-जाने में सुविधा मिल सके। इसके अलावा कई कर्मचारी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और पारिवारिक परिस्थितियों का हवाला देते हैं। विभाग ऐसे सभी आवेदनों पर नियमानुसार विचार कर रहा है। मंत्री ने कहा- ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों पर मुख्यमंत्री के निर्देशों के अनुरूप ही कोई अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

### विभाग में पद खाली तो प्राथमिकता

मंत्री मदन दिलावर ने बताया- विभाग में जहां खाली पद उपलब्ध हैं, वहां पात्र आवेदकों को प्राथमिकता के आधार पर अवसर दिया जा रहा है। साथ ही जिन कर्मचारियों को किसी एक स्थान पर काम रहते हुए काफी समय हो चुका है। उनके मामलों में भी आवेदन और आवश्यकता के अनुसार तबादले किए जा रहे हैं।

### फर्स्ट ग्रेड में प्रमोशन पर नहीं होगा तबादला

मदन दिलावर ने बताया-जिन कर्मचारियों का हाल ही फर्स्ट ग्रेड में प्रमोशन हुआ है या जिनका फर्स्ट ग्रेड में तबादला पहले किया जा चुका है। उनके तबादलों पर फिलहाल विचार नहीं किया जाएगा। वहीं ग्रेड थर्ड शिक्षकों के तबादलों को लेकर अभी कोई निर्णय नहीं हुआ है। इस संबंध में अंतिम फैसला मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों के आधार पर लिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने इससे पहले बताया था कि ग्रेड थर्ड शिक्षक जिला संवर्ग के कर्मचारी होते हैं। उनकी नियुक्ति और वरिष्ठता जिला स्तर पर निर्धारित होती है। ऐसे में अगर उनका दूसरे जिले में तबादला किया जाता है तो उनकी वरिष्ठता प्रभावित हो सकती है। दिलावर के अनुसार- जिले से बाहर तबादला होने पर संबंधित शिक्षक की सीनियरिटी समाप्त होने जैसी स्थिति बन सकती है।

# राजस्थान में 34 सब-इंस्पेक्टर्स के तबादलेः रिटायरमेंट से 2 साल पहले वाले अफसरों को नॉन फील्ड में लगाया

### जोधपुर कमिश्नरेट से 8 आईजी रेंज में भेजे

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने बुधवार को 34 सब-इंस्पेक्टर्स के तबादला आदेश जारी किए। महानिरीक्षक पुलिस (मुख्यालय) (डीआईजी) राहुल कोटोकी की ओर से जारी आदेशों के अनुसार- गृह जिले में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर को निर्धारित नीति के तहत अन्य स्थानों पर ट्रांसफर किया गया है। आदेश के अनुसार- जोधपुर कमिश्नरेट में कार्यरत 8 सब-इंस्पेक्टर्स को प्रशासनिक आधार पर जोधपुर रेंज में ट्रांसफर किया गया है। वहीं एक सब-इंस्पेक्टर को रिटायर होने में दो साल से कम अवधि होने के कारण जोधपुर कमिश्नरेट के नॉन-फील्ड पद पर लगाया गया है।

### जयपुर कमिश्नरेट से CID-CB और सिविल राइट्स में तबादले

जयपुर कमिश्नरेट में कार्यरत कई सब-इंस्पेक्टर्स को प्रशासनिक आधार पर



सीआईडी (सीबी) और सिविल राइट्स (सीआईडी-सीबी) में ट्रांसफर किया गया है। इनमें अर्जुन लाल, बाबूलाल, दिलीप सिंह, रज्जाक अहमद और रामेश्वर लाल सहित कई अधिकारियों के नाम शामिल हैं।

### अजमेर और जयपुर रेंज में भी भेजे गए अधिकारी

तबादला सूची में कुछ सब-इंस्पेक्टर्स को जयपुर कमिश्नरेट से अजमेर रेंज और जयपुर रेंज में भी पदस्थापित किया गया है। ओमप्रकाश, राजेंद्र सिंह और रामकिशोर को अजमेर रेंज भेजा गया है, जबकि सरदारमल को जयपुर रेंज में लगाया गया है।

### रिटायर होने के करीब अधिकारियों को नॉन-फील्ड पोस्टिंग

आदेश में उन अधिकारियों को विशेष राहत दी गई है, जिन्हें रिटायर होने में दो साल से कम समय शेष है। ऐसे कई सब-इंस्पेक्टर्स को जयपुर कमिश्नरेट के नॉन-फील्ड पदों पर पदस्थापित किया गया है। इनमें कमलेश कुमारी, शारदा देवी, अब्दुल सलीम, भैरूराम, गोपाल लाल, साबिर खान और गीता देवी शामिल हैं।

### गृह जिला नीति के तहत हुए तबादले

पुलिस मुख्यालय के अनुसार- यह तबादले गृह जिला नीति और प्रशासनिक आवश्यकता को देखते हुए किए गए हैं। सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# शिवसेना उद्धव गुट को संसद में ऑफिस खाली करना होगा

## टूट के बाद सांसदों की संख्या 5 से कम हुई, 2 सांसद लोकसभा स्पीकर से मिलेंगे




**मुंबई/नई दिल्ली।** शिवसेना को संसद भवन में अपना मौजूदा ऑफिस खाली करना पड़ सकता है। संसद भवन के नियमों के मुताबिक, सिर्फ 5 या उससे ज्यादा सांसदों वाली पार्टी को संसद भवन में ऑफिस मिल सकता है। लोकसभा अध्यक्ष जैसे ही छह सांसदों के शिंदे गुट में विलय को औपचारिक मान्यता दे देते हैं। BT के पास सिर्फ 4 सांसद (3 लोकसभा और 1 राज्यसभा) रह जाएंगे। ऐसे में संसद भवन में उन्हें अपना मौजूदा ऑफिस (128 ) खाली करना पड़ सकता है। पार्टी के दो लोकसभा सांसद अनिल देसाई और अरविंद सावंत बुधवार शाम लोकसभा स्पीकर ओम बिरला के चैंबर में उनसे मुलाकात की। उन्होंने कहा कि हमने स्पीकर साहब से कहा कि अगर कोई आपके पास बागी गुट का पत्र आया है तो हमें बताएं। पर अभी ऐसा कुछ नहीं आया है और हमें कागज नहीं मिला। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे की शिवसेना में 22 जून को बगावत हो गई थी। लोकसभा के कुल 9 में से 6 सांसद पार्टी से अलग होकर डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए थे।

### शिवसेना में 4 साल में दूसरी टूट

शिंदे के साथ सभी 6 सांसदों ने मुंबई में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर टूट का ऐलान किया। शिंदे ने कहा, 'जब 2022 में हमने पार्टी और धनुष-बाण बचाने के लिए विद्रोह किया था, तब 40 विधायक थे और अब हमने छक्का लगाया है। उन्होंने कहा, हमारी लड़ाई बालासाहेब के विचारों को बचाने के लिए है, इसीलिए आज ये 6 सांसद बालासाहेब की असली शिवसेना में शामिल हुए।' उद्धव के शिवसेना का मुखिया रहते पार्टी में 4 साल में यह दूसरी बड़ी बगावत है।

# कॉकरोच पार्टी फाउंडर दीपके बोले- हम आतंकवादी नहीं

## शिक्षामंत्री के हाथ छात्रों के खून से रंगे; प्रधान ने CJP को दहशतगर्दों की बी टीम कहा था



**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी ने मंगलवार को दिल्ली के जंतर-मंतर पर लगातार चौथे दिन अपना धरना-प्रदर्शन जारी रखा। इस दौरान दीपके ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के दहशतगर्दों की बी टीम वाले बयान का जवाब दिया। दीपके ने कहा, सोचिए प्रधान ने क्या कहा। जब हम उन छात्रों के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं, जिन्होंने आत्महत्या की है। उन्होंने कहा कि CJP आतंकवादियों की बी टीम है। अभिजीत ने कहा- शिक्षा मंत्री देश के युवाओं को आतंकवादी कह रहे हैं। सर, हम आतंकवादी नहीं हैं। हमें आप जैसे लोगों से देशभक्ति के सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं है। इसके बाद एक्स पर एक और पोस्ट में दीपके ने लिखा, धर्मेंद्र प्रधान हमें आतंकवादी कहते हैं। विडंबना यह है कि उनके हाथ 17 से ज्यादा छात्रों के खून से रंगे हैं।

### शिक्षा मंत्री बोले थे- जिन्हें डेमोक्रेसी ने रिजेक्ट किया, वे भेष बदलकर वापस आए

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मंगलवार को दिए इंटरव्यू में कहा कि जिन्हें डेमोक्रेसी में रिजेक्ट कर दिया गया था, वे भेष बदलकर आए हैं और अब सिस्टम के पीछे पड़े हैं। वे उन लोगों के लिए नारे लगाते हैं, जो देश को बांटना चाहते हैं। उनकी पहचान हो गई है। प्रधान ने ये भी कहा कि कुछ लोग जानबूझकर शिक्षा को डिरेल करने की कोशिश कर रहे हैं। फिर चाहे वो कोचिंग सेंटर वाले हों या फिर शिक्षा माफिया हों, इन पर नजर रखी जा रही है। हम इन्हें घुटने पर लाएंगे, नहीं तो हम देश के बच्चों के भविष्य को सुरक्षित नहीं कर सकते। कॉकरोच जनता पार्टी की शुरुआत चीफ जस्टिस सूर्यकांत की एक टिप्पणी के बाद हुई। 15 मई को एक मामले की सुनवाई के दौरान उन्होंने कहा था कि कुछ बेरोजगार युवा कॉकरोच की तरह होते हैं, जो बाद में मीडिया, सोशल मीडिया या RTI एक्टिविस्ट बनकर सिस्टम पर हमला करते हैं।

# ट्रम्प बोले-ईरान ने पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति को इज्जत दी

## ईरान बोला- इस्लामाबाद समझौता अमेरिका की हार, हमने अपनी शर्तों पर डील की

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि कई दशकों में पहली बार ईरान अमेरिका और उसके राष्ट्रपति को इतनी इज्जत दे रहा है। उन्होंने कहा कि ईरान इस समय कमजोर स्थिति में है और समझौते के लिए लगभग हर शर्त मानने को तैयार है। दूसरी ओर, ईरान के संसद अध्यक्ष बाघेर गालिबाफ ने कहा कि अमेरिका के साथ हुआ 'इस्लामाबाद समझौता' आखिरकार अमेरिका की हार बन चुका है। अजरबैजान में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने दावा किया कि यह समझौता किसी दबाव या मजबूरी का नतीजा नहीं था, बल्कि हमने इसे अपनी शर्तों पर माना है।

**ईरानी राष्ट्रपति पाकिस्तान पहुंचे:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान एक दिन की यात्रा पर पाकिस्तान पहुंचे। इस दौरान अमेरिका और ईरान के बीच हुई पीस डील पर चर्चा हुई।

**2. भारत से जुड़े 11 जहाजों ने होर्मुज पार किया:** अमेरिका-ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौते के बाद अब तक 11 जहाज होर्मुज पार कर भारत की ओर रवाना हो चुके हैं।

**3. होर्मुज से 1.9 करोड़ बैरल तेल गुजरा:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि सोमवार को होर्मुज से 1.9 करोड़ बैरल तेल की आवाजाही हुई, जो अब तक का रिकॉर्ड है।

**4. इजराइल अपने हथियार खुद बनाएगा:** इजराइली पीएम ने कहा कि इजराइल को अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर सैन्य निर्भरता कम करनी होगी और खुद हथियार बनाना सीखना होगा।

**5. ट्रम्प ने ईरान को फिर से धमकी दी:** ट्रम्प ने




कहा कि अगर ईरान समझौते का पालन नहीं करता या सही तरीके से व्यवहार नहीं करता, तो वह फिर से कार्रवाई करने को तैयार हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के राजकीय अंतिम संस्कार में शामिल होने का न्योता भेजा है। अयातुल्ला खामेनेई की 28 फरवरी को इजराइल-अमेरिका के हमले में मौत हो गई थी। इसके बाद 4 मार्च को उनका अंतिम संस्कार होना था लेकिन जंग की वजह से इसे टाल दिया गया था। अब इसकी शुरुआत 4 जुलाई से होगी। उनके शव को तेहरान के ग्रैंड मोसल्ला परिसर में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद 9 जुलाई को मशहद स्थित इमाम रजा दरगाह में दफन किया जाएगा। अधिकारियों को उम्मीद है कि तेहरान, कुम और मशहद में होने वाले अंतिम संस्कार कार्यक्रमों में करीब 2 करोड़ लोग शामिल हो सकते हैं।

### ईरान बोला- अमेरिकी छूट के बाद विदेशी मुद्रा की सप्लाई बढ़ेगी

ईरान के सेंट्रल बैंक के गवर्नर अब्दोलनासेर हेम्मती ने कहा है कि अमेरिका से हाल में मिली छूट और विदेशों में फंसी ईरानी संपत्तियों तक बेहतर पहुंच मिलने से देश में विदेशी मुद्रा बढ़ सकती है। ईरानी मीडिया के मुताबिक, सेंट्रल बैंक अब पिछले कुछ महीनों में जमा किए गए विदेशी मुद्रा भंडार का एक हिस्सा बाजार में जारी करेगा। हेम्मती ने कहा कि कंपनियों के लिए विदेशी मुद्रा की सप्लाई में बदलाव शनिवार से दिखना शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 2 अरब डॉलर जारी किए जाएंगे। इससे जरूरी सामान, कच्चे माल और उत्पादन से जुड़ी चीजों के आयात पर खर्च कम हो सकता है, जिससे बाजार में कीमतों पर दबाव घटाने में मदद मिलेगी।

### इजराइल का दावा- मार्च से हिजबुल्लाह ने 7,000 से ज्यादा हमले किए

इजराइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने दावा किया है कि मार्च से अब तक हिजबुल्लाह ने इजराइल पर 7,000 से ज्यादा रॉकेट, मिसाइलें और ड्रोन दागे हैं। तेल अवीव में एक कार्यक्रम के दौरान सार ने कहा कि सीमा से जुड़े कुछ छोटे मुद्दों को छोड़कर इजराइल का लेबनान सरकार से कोई बड़ा विवाद नहीं है। उन्होंने ईरान समर्थित हिजबुल्लाह को इजराइल और लेबनान, दोनों का साझा दुश्मन बताया।

सार के मुताबिक, मार्च की शुरुआत में हिजबुल्लाह ने अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के जवाब में रॉकेट दागकर तनाव बढ़ाया था। इसके बाद इजराइल ने बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए और दक्षिणी लेबनान में सुरक्षा क्षेत्र बनाने के लिए जमीनी अभियान शुरू किया। इजराइली सेना करीब 10 किलोमीटर अंदर तक पहुंच गई।

### ईरान बोला- परमाणु जांच अंतिम समझौते के बाद ही होगी

ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की परमाणु एजेंसी IAEA को ईरान के परमाणु ठिकानों और परमाणु मटेरियल तक पहुंच तभी मिलेगी, जब अमेरिका के साथ अंतिम समझौता हो जाएगा। उन्होंने कहा कि निरीक्षण का मुद्दा इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिका सभी प्रतिबंधों को हटाते हैं या नहीं। स्विट्जरलैंड में हुई बातचीत के दौरान किसी भी ईरानी अधिकारी ने IAEA डायरेक्टर-जनरल राफेल ग्रोसी से मुलाकात नहीं की, जबकि ग्रोसी ने बैठक की इच्छा जताई थी।

### ईरानी सांसद बोले- सुप्रीम लीडर ने MoU का मसौदा 25 बार देखा

ईरान के सांसद अब्दोलहोसैन रूहोलअमीनी ने बुधवार को दावा किया कि अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौता ज्ञापन के मसौदे को ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई ने कम से कम 25 बार देखा।

# कांग्रेस बोली-सरकार के संरक्षण में हुआ उज्जैन जमीन खरीद घोटाला

## बीजेपी और संघ की मिलीभगत, बीजेपी का जवाब-ये राज्यसभा चुनाव हारने की हताशा

**भोपाल।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मध्य प्रदेश सरकार के संरक्षण में उज्जैन में जमीन खरीद घोटाले को अंजाम दिया गया है। कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन पवन खेडा और पार्टी के मध्य प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने बुधवार को दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर ये बात कही। कांग्रेस नेताओं ने कहा- इस मुद्दे पर बीजेपी का शीर्ष नेतृत्व चुप्पी साधे है। इससे साफ है कि ये उनकी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की मिलीभगत है।



इस पूरे मामले की जांच सुप्रीम कोर्ट के मौजूदा जज से करानी चाहिए। उधर, बीजेपी ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। मंत्री चेतन्य काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अन्य पिछडा वर्ग (ओबीसी) से आते हैं, इसलिए कांग्रेस उन्हें बदनाम कर रही है। राज्यसभा चुनाव में मिली करारी हार की हताशा के कारण कांग्रेस इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगा रही है।

### पटवारी ने पूछा- ओबीसी होने से गलत काम की छूट मिल जाती है

कांग्रेस अध्यक्ष पटवारी ने भाजपा पर मामले को भटकाने का आरोप लगाया। पटवारी ने कहा- जब जमीन पर सवाल पूछा गया तो भाजपा ने मुख्यमंत्री के ओबीसी होने का कार्ड खेल दिया। क्या ओबीसी होने का मतलब यह है कि किसी को भी गलत काम करने की छूट मिल जाती हैड मैं खुद ओबीसी समाज से आता हूं और मुख्यमंत्री से सीधे जवाब चाहता हूं।

### वीर भारत न्यास को 1 रुपए में 500 करोड़ की जमीन क्यों दी

पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा- उज्जैन में वीर भारत न्यास नाम के एक ट्रस्ट को 500 करोड़ रुपए की सरकारी जमीन महज 1 रुपए की टोकन राशि पर दे दी गई। इसके ट्रस्टी श्रीराम तिवारी हैं, जो मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार हैं। इस ट्रस्ट को इतनी महंगी जमीन किस आधार पर दी गई। मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके परिवार ने जो जमीनों का लैंड बैंक बनाया, उसकी आय का स्रोत क्या थाड क्या इन संपत्तियों का विवरण सार्वजनिक नहीं होना चाहिएड यह घोटाला सिर्फ पहली सीरीज है। चार दिन पहले ही मुख्यमंत्री के सानिध्य में छह विभागों में ट्रांसफर इंडस्ट्री चलाकर 1000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का स्टिंग ऑपरेशन सबने देखा है। पटवारी ने मांग की है कि सरकार सभी परियोजनाओं की टाइमलाइन साझा करे और 2023 के बाद मुख्यमंत्री के परिवार द्वारा खरीदी गई सभी जमीनों को लेकर एक श्वेत पत्र जारी करे।

### मंत्री काश्यप बोले- जिस पर आरोप लगे, वह पुरानी जमीन

मध्य प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप ने कांग्रेस के आरोपों को मुख्यमंत्री की छवि खराब करने की साजिश करार दिया। उन्होंने कहा- जीतू पटवारी जिस वीर भारत न्यास ट्रस्ट पर 500 करोड़ की जमीन हथियाने का आरोप लगा रहे हैं, वह कोई निजी ट्रस्ट नहीं बल्कि पूरी तरह से सरकारी ट्रस्ट है। काश्यप ने कहा कि जीतू पटवारी ने पढ़ना-लिखना बंद कर दिया है। कांग्रेस को पहले अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे पर लगे जमीन गड़बड़ी के आरोपों की जांच करानी चाहिए।

### खेड़ा बोले- शेयर मार्केट जैसी इंसाइडर ट्रेडिंग की

पवन खेड़ा ने मामले की तुलना शेयर बाजार की इंसाइडर ट्रेडिंग से की। उन्होंने कहा- मुख्यमंत्री के पास अंदरूनी और गोपनीय जानकारी थी कि उज्जैन के मास्टर प्लान 2035 में कौन सी सड़कें कहां से गुजरेंगीड कौन सा क्षेत्र विकास योजनाओं के लिए चिह्नित किया जाएगा। इस जानकारी का दुरुपयोग करके मुख्यमंत्री के परिवार ने दिसंबर 2023 में 168 एकड़ में से 111 एकड़ जमीन उसी क्षेत्र में खरीद ली, जहां सिंहस्थ लगने वाला है। पवन खेडा ने कहा- आदर्श हाउसिंग सोसायटी में सिर्फ सास के नाम पर फ्लैट होने के आरोप पर कांग्रेस ने अशोक चव्हाण का इस्तीफा ले लिया था। लेकिन यहां सैकड़ों एकड़ जमीन के पुख्ता सबूत होने के बाद भी मुख्यमंत्री की कुर्सी बरकरार है। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री का उदाहरण देते हुए कहा कि संघ से जुड़े मुख्यमंत्रियों पर सुप्रीम कोर्ट के संज्ञान के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती।

### जमीन हडपने के खेल को संघ का संरक्षण

खेड़ा ने कहा- जमीन हड़पने के इस खेल में शामिल लोगों को संघ का पूरा संरक्षण प्राप्त है। आज के हालात संघम शरणम् गच्छामि जैसे हो गए हैं। संघ खुद को एक गैर-पंजीकृत संस्था बनाकर रखता है ताकि उसके पास सारी शक्तियां तो रहें, लेकिन किसी भी गड़बड़ी पर उसकी कोई जिम्मेदारी और जवाबदेही तय न हो सके।

# पीके बोले- बिहार संविधान से चलेगा सम्राट से नहीं

## भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में महापंचायत, 5000 लोग जुटे, बोले-श्राद्धकर्म के बाद विधानसभा का घेराव करेंगे



**आरा, भोजपुर।** भोजपुर के भरत भूषण तिवारी एनकाउंटर के विरोध में बिलौटी गांव में महापंचायत हुई। इसमें जनसुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर भी शामिल हुए। इससे पहले प्रशांत किशोर ने भरत के परिवार से मुलाकात की और न्याय दिलाने का भरोसा दिया। पीके ने कहा कि जांच में गृह मंत्री की भूमिका की जांच होगी। STF के अधिकारी की जांच होगी, जिसने पटना से मारने का आदेश दिया है। क्या मजिस्ट्रेट पर जांच होगी जिसने गोली चलाने के आदेश पर साइन किया है। ये बिहार के लोगों का राज है। वहीं, महापंचायत में शामिल लोगों का कहना है कि भरत तिवारी की जो मांग थी, उसे पूरा किया जाए। लोगों का कहना है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो श्राद्धकर्म पूरा होने के बाद वे विधानसभा का घेराव करेंगे।

### लोगों ने सरकार के खिलाफ नारे लगाए

बिलौटी गांव से लेकर हाई-वे तक भरत तिवारी के पोस्टर लगाए गए हैं। इसमें उसे शहीद बताते हुए इंसाफ की मांग की गई है। कुछ लोग भरत तिवारी के घर तिरंगा लेकर पहुंचे। यहां सम्राट चौधरी के खिलाफ नारेबाजी की गई। भरत तिवारी अमर रहे के नारे लगे। बिलौटी गांव में करीब 1000 गाडियां पहुंच चुकी हैं। 5000 से ज्यादा लोग मौजूद हैं। 17 जून को भरत तिवारी का पुलिस ने एनकाउंटर किया था। बेटे की मौत के बाद परिवार ने मुठभेड पर सवाल खडे किए थे। मां ने पुलिस वालों के खिलाफ थाने में FIR भी दर्ज करवाई है। मामले में SDPO, SHO और अन्य पुलिसकर्मियों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है। बुधवार की सुबह सरकार ने जगदीशपुर SDPO राजेश कुमार शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया है।

# सिंधु नदी का पानी न मिलने से पाक परेशानः आर्मी चीफ भारत के खिलाफ जंग की साजिश रच रहे

## लाईन ऑफ कंट्रोल पर 35 ड्रोन यूनिट तैनात

**इस्लामाबाद।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने सिंधु नदी का पानी रोका, तो पाकिस्तान की परेशानियां बढ़ गई हैं। पाकिस्तान ने यह मसला अंतरराष्ट्रीय कोर्ट में भी लेकिन वहां भी इस पर कोई फैसला नहीं हुआ। इसके बाद अब रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भारत को जंग छेड़ने की धमकी दे रहे हैं। वहीं, आर्मी चीफ आसिम मुनीर जंग की साजिश रचने में जुटे हैं। नियंत्रण रेखा यानी एलओसी पर पाकिस्तानी सेना की 8 ब्रिगेड ने 35 एंटी ड्रोन यूनिट तैनात की हैं। पाकिस्तान ने एआई फेंसिंग भी की है। इसके तहत टारगेटिंग और सर्विलांस को तेज किया गया है। पाकिस्तान ने हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर और काउंटर ड्रोन ग्रिड भी तैयार किया है। सूत्रों के अनुसार पाकिस्तान ने अफगानिस्तान से जुड़ी अपनी सीमाओं से 5 बटालियन को इस महीने की शुरुआत में ही मूव कराकर एलओसी के रावलाकोट, कोटली और भीम्बर सेक्टर में तैनात किया है। इन्हीं जगहों से पाकिस्तान भारत में आतंकियों की घुसपैठ भी करता रहा है।

### चीन 5वीं जेनरेशन का फाइटर जेट देगा

ऑपरेशन सिंदूर के बाद चीन ने पाकिस्तान को 36 मल्टी रोल जे-सीरीज फाइटर जेट की सप्लाई की है। पेंटागन की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी एफ-35 जेट का चीनी वर्जन जे-35 भी साल के अंत तक पाकिस्तान को मिलने वाला है। इस जेट की टेस्ट फ्लाइट्स हो चुकी हैं।



### तुर्किये ड्रोन प्लांट लगा रहा है, MILGEM सबमरीन भी देगा

पाकिस्तान को ड्रोन सप्लाई करने के बाद अब तुर्किये कराची के पास साझा कॉम्बैट ड्रोन असेंबली प्लांट भी लगाया है। यहां हर साल 700 ड्रोन बनेंगे। पाकिस्तान ने इन ड्रोन को बांग्लादेश को एक्सपोर्ट करने का एमओयू भी किया है। तुर्किये पाकिस्तान के लिए मिलजैम क्लास पनडुब्बी भी बना रहा है। पाकिस्तान को पनडुब्बी की साल के अंत तक डिलीवरी भी मिल जाएगी।

### दो दिन पहले पाकिस्तानी रक्षा मंत्री बोले थे- भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकते हैं

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने सिंधु जल संधि स्थगित रहने को लेकर भारत को धमकी दी थी। पाकिस्तानी चैनल ARY न्यूज से बातचीत में आसिफ ने कहा कि अगर पाकिस्तान को लगा कि उसकी जल सुरक्षा खतरे में है, तो वह भारत के खिलाफ जंग छेड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत पाकिस्तान के हिस्से के पानी के प्रवाह में दखल दे रहा है और रणनीतिक हथियार के तौर पर इसका इस्तेमाल कर रहा है। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पिछले एक साल में इस मामले में क्या नए घटनाक्रम हुए हैं, इसकी उन्हें पूरी जानकारी नहीं है। अप्रैल 2025 में पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित कर दिया था। भारत का कहना है कि जब तक पाकिस्तान सीमा पार आतंकवाद के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करता, तब तक संधि बहाल नहीं की जाएगी।

### भारत-पाकिस्तान के बीच सिंधु जल समझौता क्या है?

सिंधु नदी प्रणाली में कुल 6 नदियां हैं- सिंधु, झेलम, चिनाब, रावी, ब्यास और सतलुज। इनके किनारे का इलाका करीब 11.2 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इसमें 47% जमीन पाकिस्तान, 39% जमीन भारत, 8% जमीन चीन और 6% जमीन अफगानिस्तान में है। इन सभी देशों के करीब 30 करोड़ लोग इन इलाकों में रहते हैं। 1947 में भारत और पाकिस्तान के बंटवारे के पहले से ही भारत के पंजाब और पाकिस्तान के सिंध प्रांत के बीच नदियों के पानी के बंटवारे का झगड़ा शुरू हो गया था। 1947 में भारत और पाकिस्तान के इंजीनियरों के बीच स्टैंडस्टिल समझौता हुआ। इसके तहत दो मुख्य नहरों से पाकिस्तान को पानी मिलता रहा। ये समझौता 31 मार्च 1948 तक चला। 1 अप्रैल 1948 को जब समझौता लागू नहीं रहा तो भारत ने दोनों नहरों का पानी रोक दिया। इससे पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की 17 लाख एकड़ जमीन पर खेती बर्बाद हो गई। दोबारा हुए समझौते में भारत पानी देने को राजी हो गया। इसके बाद 1951 से लेकर 1960 तक वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत पाकिस्तान में पानी के बंटवारे को लेकर बातचीत चली और आखिरकार 19 सितंबर 1960 को कराची में भारत के पीएम नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच दस्तखत हुए। इसे इंडस वाटर ट्रीटी या सिंधु जल संधि कहा जाता है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रदीप कुमार सोलंकी द्वारा महानगर मल्टीमीडिया प्रा. लि. जी-848, फेज 3, रीको सीतापुरा, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 227-हीरालाल की गली, झालाना, मालवीय नगर, जयपुर (राज.) से प्रकाशित।
सम्पादकः प्रदीप कुमार सोलंकी, मो. 93510-01100, Email: atulyasansar@gmail.com संपादकीय कार्यालयः जगतपुरा फ्लाईओवर के पास, जगतपुरा जयपुर।